| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Business Remedies | Jaipur | 30.07.2026 |

**BTTL**

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502
**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान, भारत
**फोनः** +91-9116613745, 9116613746
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा - 201301, (उ.प्र.), **फोनः** +91-120-4390300 (EPABX)
**ईमेलः** bttl.investor@lnjbhilwara.com, **वेबसाइटः** www.bttl.co.in

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 19वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड** की **19वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") बृहस्पतिवार, 27 अगस्त, 2026 को 2:00 बजे अपराह्न,** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")**/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू होने योग्य प्रावधानों एवं इसके अंतर्गत जारी नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड **("सेबी")** (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 और 3/2025 दिनांकित 22 सितम्बर, 2025 के साथ पठित सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 के साथ पठित सेबी मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/ HO/CFD/PoD2/CIR/P/0155 दिनांकित 11 नवंबर, 2024 के साथ ही एमसीए एवं सेबी द्वारा इस संबंध में जारी अन्य लागू परिपत्रों के अनुपालन में, 19वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट मात्र उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजे जाएँगे, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी **("डीपी")** के साथ पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी उन शेयरधारकों को, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, वार्षिक रिपोर्ट का सटीक पथ सहित वेब–लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र भी भेजेगी। पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन शेयरधारकों को भेजी जाएगी जो इसके लिए अनुरोध करेंगे। वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in**, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध कराई जाएगी।

कम्पनी अपने सदस्यों को, एनएसडीएल के माध्यम से एजीएम में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में, रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। **बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026 की कट–ऑफ तिथि** तक भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। **रिमोट ई–वोटिंग अवधि सोमवार, 24 अगस्त, 2026 9:00 बजे पूर्वाह्न से आरम्भ होगी एवं बुधवार, 26 अगस्त, 2026 5:00 बजे अपराह्न समाप्त होगी।** वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा। जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता/केवाईसी पंजीकृत नहीं कराया है, वे कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड या अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी ("डीपी") के माध्यम से इसे पंजीकृत/अद्यतन करवा सकते हैं। इन्हें पंजीकृत करने की प्रक्रिया निम्न उल्लिखित हैः

**भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यः** सदस्य अपना ई–मेल पता, मोबाइल नंबर अथवा बैंक खाते का विवरण अद्यतन कराने हेतु प्रपत्र आईएसआर–1 तथा अन्य अपेक्षित प्रपत्र भरकर विधिवत् पूर्ण किए गए प्रपत्र कम्पनी के आरटीए को प्रेषित करें। उक्त प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.bttl.co.in** पर Investor Relations → Disclosure under Regulation 46 of Listing Regulation, 2015 → Company Information→ Disclosure under Regulation 30 of Listing Regulations 2015→ Procedure for Updation of PAN/KYC/Nomination by Physical Shareholders पथ के अंतर्गत उपलब्ध हैं, जहाँ से उन्हें डाउनलोड किया जा सकता है।

**विमूर्त रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यः** सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना ई–मेल पता, केवाईसी, बैंक खाते का विवरण एवं/अथवा नामांकन संबंधी विवरण अपने डीमैट खाते में पंजीकृत कराने हेतु अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से उनके द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपर्क करें।

## भौतिक शेयरों के अंतरण एवं विमूर्तीकरण हेतु विशेष अवसर की सूचना

सेबी परिपत्र सं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भौतिक प्रतिभूतियों के अंतरण एवं विमूर्तीकरण ("डीमैट") की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से **5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक** एक विशेष अवसर उपलब्ध किया गया है। उक्त विशेष अवसर उन भौतिक प्रतिभूतियों के अंतरण एवं विमूर्तीकरण हेतु है, जिनका क्रय/विक्रय 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व किया गया था। शेयरधारकों/निवेशकों से अनुरोध है कि वे भौतिक शेयरों के अंतरण एवं विमूर्तीकरण हेतु आवेदन करने संबंधी दिशा–निर्देशों हेतु सेबी द्वारा दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के उक्त परिपत्र में विनिर्दिष्ट विवरणों का अवलोकन करें, जो कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in**→ Investor Relations → Disclosure under Regulation 46 of Listing Regulation, 2015 → Investor Service →Notice of Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities पथ के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

उपरोक्त विषय के संबंध में किसी भी प्रश्न अथवा विधिवत् पूर्ण किए गए दस्तावेज प्रेषित करने हेतु सदस्यों से अनुरोध है कि वे कम्पनी के आरटीए, अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110062, दूरभाष सं. 011–29961281, ई–मेलः **beetal@beetalfinancial.com** पर संपर्क करें।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**अवनीष मौर्य**
**कम्पनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**सदस्यता संख्याः एसीएस–49392**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांकः 29 जुलाई, 2026**